चिकित्सा अनुसंधान में एम्स का परचम देश में दूसरी सबसे बड़ी छलांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में एम्स भोपाल ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। एडी साइंटिफिक इंडेक्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 के अनुसार वर्ष 2025 से 2026 के दौरान चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में सर्वाधिक प्रगति करने वाले भारत के शीर्ष 10 संस्थानों में एम्स भोपाल को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। संस्थान ने वैश्विक रैंकिंग में 1,235 स्थानों की उल्लेखनीय छलांग लगाई है, जो यहां हो रहे उच्च गुणवत्ता वाले शोध और वैज्ञानिक कार्यों का प्रमाण है। एडी साइंटिफिक इंडेक्स में एम्स भोपाल के कुल 183 वैज्ञानिक शामिल हैं। इनमें दो वैज्ञानिक शीर्ष 10 प्रतिशत, 31 वैज्ञानिक शीर्ष 30 प्रतिशत, 66 वैज्ञानिक शीर्ष 50 प्रतिशत तथा 139 वैज्ञानिक शीर्ष 70 प्रतिशत वैज्ञानिकों की श्रेणी में हैं। कुल उद्धरणों के आधार पर एम्स भोपाल की विश्व रैंक 3,591, एशिया रैंक 1,358 और भारत रैंक 290 है। वहीं खोज आधारित रैंकिंग में संस्थान को पहला स्थान प्राप्त हुआ है।

संस्थान की यह उपलब्धि केवल शोध तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा लाभ मरीजों को भी मिलेगा। बेहतर अनुसंधान से नई उपचार पद्धतियों का विकास, बीमारियों की अधिक सटीक पहचान, आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का उपयोग तथा अनुसंधान आधारित गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना संभव होगा। रैंकिंग के अनुसार चिकित्सा विज्ञान में सर्वाधिक प्रगति करने वाले संस्थानों की सूची में येनेपोया विश्वविद्यालय पहले स्थान पर रहा, जबकि एम्स भोपाल ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस सफलता पर कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के वैज्ञानिकों, संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एम्स भोपाल का उद्देश्य ऐसा शोध करना है, जिससे मरीजों के उपचार में सुधार हो और समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। यह सम्मान संस्थान को भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट अनुसंधान के लिए प्रेरित करेगा।

रेलवे फाटक बंद रखने पर उच्च न्यायालय सख्त

जबलपुरः मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर खंडपीठ ने पौड़ी रेलवे फाटक बंद रखने तथा शहपुरा के समीप क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण में हो रही देरी पर रेलवे और मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम से जवाब तलब किया है। जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पूछा कि जब तक पुल का क्षतिग्रस्त हिस्सा पूरी तरह ठीक नहीं हो जाता, तब तक आमजन की सुविधा के लिए रेलवे फाटक क्यों नहीं खोला जा रहा है। सुनवाई के दौरान रेलवे की ओर से जवाब प्रस्तुत करने के लिए तीन दिन का समय मांगा गया, जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। साथ ही निर्देश दिए कि अगली सुनवाई में संबंधित अधिकारी पूरी तैयारी के साथ उपस्थित होकर रेलवे फाटक खोलने के संबंध में स्पष्ट जानकारी और प्रस्ताव प्रस्तुत करें। न्यायालय ने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम को भी निर्देश देते हुए पूछा है कि पुल की मरम्मत कब तक पूरी होगी।

भोपाल मंडल में आज से स्टेशनों एवं ट्रेनों में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने एवं राष्ट्रव्यापी पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में डीआरएम श्री पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय डोगरा के निर्देशन में दिनांक 28, 29 एवं 30 जून 2026 को विशेष पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत भोपाल मंडल में कुल 22 पोलियो टीकाकरण बूथ स्थापित किए गए हैं। मंडल के प्रमुख स्टेशनों भोपाल, इटारसी, बीना, गुना, गंजबासौदा सहित अन्य रेलवे स्टेशनों पर टीकाकरण बूथ संचालित किए जाएंगे, जहां 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों के बच्चों तक अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशेष मोबाइल टीमें भी गठित की गई हैं। ये टीमें बीना दिशा में संचालित झेलम एक्सप्रेस, पंजाब मेल, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस एवं राजकोट एक्सप्रेस तथा इटारसी दिशा में संचालित कर्नाटक एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस एवं उज्जैन दिशा में संचालित मालवा एक्सप्रेस सहित विभिन्न ट्रेनों में यात्रा कर रहे बच्चों को चलती ट्रेनों में पोलियो की दवा पिलाएंगी।इसके अतिरिक्त मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेलवे कॉलोनियों में रहने वाले रेल कर्मचारियों एवं आसपास के नागरिकों के बच्चों की सुविधा के लिए पैसेंजर ट्रेनों तथा रेलवे कॉलोनियों में भी विशेष टीकाकरण व्यवस्था की गई है। पैसेंजर ट्रेनों के माध्यम से प्रत्येक स्टेशन पर रुक-रुक कर बच्चों को पोलियो की खुराक प्रदान की जाएगी।

रेल प्रशासन सभी रेल कर्मचारियों, यात्रियों एवं आम नागरिकों से अपील करता है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को इस अभियान के दौरान पोलियो की दवा अवश्य पिलवाएं तथा स्वस्थ एवं पोलियो मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी 43 जिलों में आज बारिश का अलर्ट

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में मानसून की दस्तक के बाद इसकी रफ्तार फिलहाल थम गई है। 24 जून को प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से के 15 जिलों में प्रवेश करने के बाद पिछले तीन दिनों से मानसून आगे नहीं बढ़ा है। अगले 2 से 3 दिनों में इसके फिर सक्रिय होने की संभावना है। सबसे पहले मानसून भोपाल और उज्जैन संभाग में पहुंचेगा, जबकि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में इसकी एंट्री सबसे आखिर में होने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, 24 जून को मानसून ने आलीराजपुर, इंदौर, हरदा, धार, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, खरगोन, सिवनी, बालाघाट, मंडला, बड़वानी और डिंडौरी जिलों में प्रवेश किया था। इसके बाद इसकी प्रगति रुक गई। हालांकि, अगले कुछ दिनों में प्रदेश के अन्य हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल रहने की संभावना जताई गई है। रविवार को भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह और छतरपुर जिलों में बारिश होने का अनुमान है। वहीं, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, निवाड़ी और टीकमगढ़ जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। शुक्रवार को कई जिलों में झमाझम बारिश शुक्रवार को प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी और बारिश देखने को मिली।

सिवनी में करीब 2 इंच बारिश दर्ज की गई, जबकि शाजापुर के शुजालपुर, अकोदिया और आसपास के क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। उज्जैन में भी डेढ़ इंच से अधिक पानी बरसा। इसके अलावा दतिया, इंदौर, राजगढ़, शिवपुरी, मंडला, रीवा, सागर, बालाघाट, खंडवा, शाजापुर, आगर-मालवा और मंदसौर सहित कई जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी रहा। बारिश से तापमान में आई गिरावट लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं के कारण दिन के तापमान में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। खरगोन में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि खंडवा में 30.1, सागर में 31.1, छिंदवाड़ा में 31.8, बैतूल में 32.7, सिवनी और उमरिया में 33.2, धार में 33.4 तथा नर्मदापुरम में 33.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

प्रदेश के प्रमुख शहरों में भोपाल और इंदौर का तापमान 33.8 डिग्री, उज्जैन का 33.5 डिग्री, जबलपुर का 36.7 डिग्री और ग्वालियर का 41.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 72 घंटे से जारी बारिश के चलते प्रदेश के कई जिलों में 4 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। इसका असर प्रदेश के कुल वर्षा आंकड़ों पर भी दिखाई दिया है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दीप्ति पाण्डेय (DEEPTI PANDEY), D/O R.B. PANDEY, निवासी B-10] Pocket-1, Sagar Royal Villas, Jatkhedi, Near Ashima Mall, Bhopal-462026 (M.P.) हूँ। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम दीप्ति पाण्डेय (DEEPTI PANDEY) अंकित है, जो सही एवं सत्य है। जबकि पूर्व में मेरे आधार कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम दीप्ति जैन (DEEPTI JAIN) दर्ज था। अतः मुझे वर्तमान एवं भविष्य में दीप्ति पाण्डेय (DEEPTI PANDEY), D/O R.B. PANDEY के नाम से ही जाना, पहचाना एवं सभी अभिलेखों में दर्ज किया जाए।

728

नाम एवं जन्म दिनांक परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती एलिअम्मा डेनियल (Aleyamma Daniel) पत्नी डेनियल वी.जे. (Daniel V.J.) निवासी मकान नं. एस-2-1-6/7, निशांत टॉवर पंजाबी बाग रायसेन रोड अशोका गार्डन तहसील हुजूर भोपाल म.प्र. यह कि मेरे पति के पी.पी. आ. रिकार्ड में मेरा नाम त्रुटिवस एलिअम्मा (Aleyamma) एवं मेरी जन्म दिनांक 05.04.1958 दर्ज हो गये हैं जबकि मेरा सही नाम एलिअम्मा डेनियल (Aleyamma Daniel) तथा मेरी सही जन्म दिनांक 30.11.1953 है। अतः मेरे पति के पी.पी. ओ. रिकार्ड में मेरा सही नाम ऐलिअम्मा डेनियल(Aleyamma Daniel) एवं मेरी सही जन्म दिनांक 30.11.1953 दर्ज की जाए।

727

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.

क्रमांक1224/ रीडर/2026 गौहरगंज, दिनांक 05/06/2026

विषयः- विज्ञप्ति का प्रकाशन बाबत। इस न्यायालय में विचाराधीन अपील क्रमांक 77/अपील/2023-2024 श्री लक्ष्मीनारायण आ. श्री बाबूलाल आयु लगभग 36 वर्ष माता स्व. सावित्री बाई पुत्री सूरज सिंह निवासी ग्राम रसूलिया, तह. गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. विरूद्ध कौसाबाई पुत्री श्री सूरज सिंह आयु वयस्क एवं गीताबाई पुत्री श्री सूरज सिंह आयु वयस्क सभी निवासी ग्राम रसूलिया, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. का सूचना पत्र प्रकाशनार्थ आपकी ओर भेजा जा रहा है। विज्ञप्ति का प्रकाशन भोपाल/रायसेन/सीहोर एडीशन में प्रकाशित कराई जाना है। प्रकाशन शुल्क पक्षकार द्वारा आपके कार्यालय में जमा कराया जावेगा। प्रकाशन शुल्क प्राप्त होने के पश्चात नोटिस प्रकाशित करें, इस संबंध में इस न्यायालय का शुल्क संबधी कोई दायित्व नही रहेगा। समाचार पत्र की एक प्रति पेशी दिनांक 30/06/2026 के पूर्व इस न्यायालय को आवश्यक रूप से भेजें।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग गौहरगंज जिला रायसेन

726

जाहिर सूचना

एक किता प्लाट कमांक 20 जो कि खसरा क्रमांक 115/1/1 (एस) रकबा 0.0960 हेक्टेयर का अंश भाग स्थित ग्राम-बैरागढ़ चिचली, जिसके प्लाट का क्षेत्रफल 4000 वर्गफिट, पटवारी हल्का बैरागढ़ चिचली, तहसील - कोलार जिला भोपाल

मैं, अपने पक्षकार की ओर से सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती साधना सिंह पत्नी श्री सुबोध सिंह निवासी-ग्राम-भोपाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता प्लाट क्रमांक-20 जो कि खसरा क्रमांक 115/1/1 (एस) रकबा 0.0960 हेक्टेयर का अंश भाग स्थित ग्राम-बैरागढ़ चिचली, जिसके प्लाट का क्षेत्रफल 4000 वर्गफिट पटवारी हल्का- बैरागढ़ चिचली, तहसील-कोलार जिला भोपाल मे स्थित है उक्त संपत्ति का मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय अनुबंध किया जा रहा है। अतः सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी पक्ष, संस्था वित्तीय अथवा गैर वित्तीय, बैंक, शासकीय, गैर शासकीय आदि का किसी प्रकार का हित निहित हो तो संबंधित पक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के मेरे कार्यालय में इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति को क्रय किया जा रहा है और समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्तियाँ मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होंगी।

K.K. Kala, Advocate
Office:-32 UGF, Sarnath Complex Zone-1, M.P. Nagar Bhopal (M.P.)
Mobile:-9993411804

725

सूडोकु नवताल- 7824

सरल

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7823 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9
5	6	1	8	4	9	2	3	7
2	7	9	5	3	1	6	8	4
1	9	3	4	7	5	8	6	2
8	2	4	1	6	3	7	9	5
7	5	6	2	9	8	3	4	1

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

काकुरो पहेली - 7497



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7496 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8894



बाएँ से दाएँ

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण (उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

ऊपर से नीचे

1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

शब्द पहेली -8893 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7336



ऊपर से नीचेः-

१. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
२. 'मोहब्बत हुई हुई' गीत वाली फिल्म-२
३. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
५. 'ऐ जिंदगी गले लगा' गीत वाली फिल्म-३
७. दीनो मारिया, बिपाशा बसु की फिल्म-२
८. विवेक ओबेराय, अंतरा की 'खल्लास बचके तू रहना रे' गीत वाली फिल्म-३
९. 'करवटें बदलते' गीत वाली संजीव, राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२,१,३
११. 'लंबूजी लंबूजी' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. फिल्म 'सब से बड़ा खिलाड़ी' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
१६. शत्रुघ्न, हेमा, मिथन की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं तो हर मोड़ पर' गीत वाली अनिल धवन, रेहाना सुलतान की फिल्म-३
२१.राजेश, शर्मिला, राखी की 'मेरे दिल में आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'ओ मेरी चूड़ियाँ बजी' गीत वाली संजयकपूर, तब्बू की फिल्म-२
२३. फिल्म 'बरसात की रात' के संगीतकार कौन थे-३
२४. विनोद खन्ना, योगिता बाली की फिल्म-२
२५. फिल्म 'बागी' में सलमान खान के साथ नायिका कौन थी-३
२६. उमादेवी का गाया गीत 'अफसाना लिख रही हूँ' किस फिल्म का है-२
२७. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री पूजा भट्ट की फिल्म-२

बायें से दायेंः-

१. 'दिल ने ये कहा हैदिल से' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-४
४. देवआनंद, जैकी, गोविंदा, रेखा की 'इस तरह देखो ना' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ना कजरे की धार' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-३
१०. अनिल, माधुरी दीक्षित की 'आँखों के आगे पीछे' गीत वाली फिल्म-५
१३. 'आदमी मुसाफिर है' गीत वाली संजीव कुमार, सुलक्षणा की फिल्म-५
१४. अतिन भल्ला, संदली की 'साँवली सी इक लड़की' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'हुन हुना रे हुन हुना' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१९. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
२०. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'मीनाक्सी' की नायिका कौन है-२
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, रंजीता, पद्मिनी की फिल्म-२
२२. ऋषिकपूर, पद्मिनी की 'मेरी किस्मत में तू नहीं' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'मेरी शादी का खयाल' गीत वाली राजेश खन्ना, टीना की फिल्म-३
२६. विवेक, दीया मिर्जा की बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'जब चाहा जजबात से खेले' गीत वाली चंदनदास का गजल एलबम-२
२८. मिथुन, रंभा की 'पीलो इश्क दी विस्की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सच कहते हैं हं' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-४
३०. फिल्म 'राजा जानी' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7335

म	न	मं	दि	र		गु	म	रा	ह
धु		थ		न	गी	ना		धि	
मं	ह्म	न	ता		त	ह	की	का	त
ती			क	र्ज			म		प
	अ	मृ	त		चा	ह	त		स्या
सं		त्यु		मु	नी	म		श	
ग्र	रै	दा		क्ति		रा	जा	बा	बू
र्ष		ता	ल		आ	ज		ना	म
	कौ		गा	य	ब		जू		
खा	न	दा	न		रू	दा	ली		माँ

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7430

5	7	2		1		3
	35		26		28	
	6	5		3	2	1
4	32		32		32	4
		3	4		6	
6	35		35	7	38	2
		6	1		4	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7429 का हल

6	3	2	4	5	7	1
2	27	7	32	4	34	2
4	2	1	6	3	5	7
5	33	6	32	6	31	3
7	5	3	6	1	2	4
3	33	5	31	7	34	5
1	5	4	3	2	7	6

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8450

ची	दु	मे	रि	द्रो	णा	चा	र्य	न	प	क
न	र्यो	शा	प	इं	डो	भी	म	या	ड़	क
अ	ध	जा	स	र	ग	स	द	ह	प	न
जी	न	ल	पा	न	दू	स	न	ह	र्जु	ल
त	या	अ	सौ	न	जा	ला	न्यु	अ	प	दे
आ	यु	इ	मो	व	प	म	क	ह	यु	बां
ग	धि	ल	ह	च	भि	रि	पा	व	प	ग
र	ष्ठ	भा	त्क	अ	प	स	रा	ब्रा	वि	ला
क	र	ठे	तें	व	न	क	र्ण	शा	जू	दे
र	घ	ल	प	व	सिं	ल	स्र	अ	प	श
बां	स	ल	भी	ष्म	पि	ता	मा	ह	क	र

शब्द जाल में 10 योद्धाओं के नाम हैं, जिन्होंने महाभारत युद्ध लड़ा था. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

युधिष्ठर, घटोत्कच, अभिमन्यु, अर्जुन,भीम, दुर्योधन, भीष्म पितामाह, द्रोणाचार्य, कर्ण, दुशासन.

शब्दजाल - 8449 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore